# लखनऊ में सौ से अधिक उद्योगों के लिए जमीन तैयार

**बैठक**

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट में दो लाख करोड़ के 1000 से अधिक उद्योगों के लिए एमओयू हुए। इनमें से अब तक 136 उद्योगों के ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए निवेश मित्र पोर्टल उपस्थिति दर्ज कराई गई है। यानी इन उद्योगों के पास जमीन उपलब्ध है।

इसको देखते हुए कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को डीएम ने उन सभी विभागों की बैठक बुलाई, जिन्हें उद्योगों के लिए एनओसी देना है। निर्देश दिया कि इन उद्योगों को प्रक्रियाओं में ज्यादा समय न लगे। साथ ही एमओयू करने वाले अन्य उद्यमियों का विवरण जीबीएस में दर्ज करने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि यदि किसी विभाग ने लापरवाही बरती तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जमीन की उपलब्धता में दिक्कत आ रही है तो उसको दूर कराएं। इस बैठक के बाद अब इन सभी विभागों की साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी।